26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 12 जुलाई , 2026

अंक- 258 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# राम मंदिर श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं, आस्था के साथ भक्त कर रहे दर्शन- नृपेन्द्र मिश्र

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि रामभक्त आस्था के साथ दर्शन पूजन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं है। श्री मिश्र ने रविवार को दो दिवसीय राममंदिर निर्माण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए एक सवाल के उत्तर में कहा कि राममंदिर करोड़ों रामभक्तों की आस्था के केंद्र है। रामभक्त आस्था के साथ प्रभु श्रीराम की पूजा कर रहे हैं। राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के तीसरे दिन उन्होंने दो दिवसीय बैठक की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक दो चरणों में संपन्न हुई।

Kunwar Satya Vira Degree College, Bijnor
KSVCEM BIJNOR
COLLEGE CODE-791
Affiliated To Guru Jambheshwar University, Moradabad
Courses Offered
B.B.A
B.Com (Hons.)
B.Sc (Hons.) - Maths, Zoology, Botany / Chemistry
B.Sc (Gen / PCM / ZBC)
B.A (All Subjects)
Admission Open 2026-27
Computer Courses
Basic Computer Courses
MS Office, Photoshop, CCC
'O' & 'A' Level
Web & Android Development
Digital Marketing
E-Commerce
Opposite Government Polytechnic College, Bairaj Road, Bijnor
+91 9411853446

किराये पर आवास
मेडिकल कॉलेज से 10 कदम दूरी पर जजी चौराहे पर प्रथम तल पर 3 कमरों का आवास खाली है। प्रथम तल पर 1000 फीट कवर्ड स्थान किराये के लिये खाली है। ( डॉ. सेतिया क्लीनिक के ऊपर )
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- मो. 9412215813

# होर्मुज में जहाज पर ईरान के हमले के बाद एक भारतीय लापता

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ओमान तट के नजदीक साइप्रस के ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज पर ईरान के हमले के बाद एक भारतीय नागरिक लापता हो गया है। हमले के बाद जहाज में आग लग गई, जिससे चालक दल के सदस्यों को जहाज छोड़ना पड़ा। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम आज ओमान तट के पास वाणिज्यिक जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। जहाज पर सवार 11 भारतीय नागरिकों में से 10 को अब तक सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय नागरिक के लापता होने की सूचना है। ओमान में स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और खोज एवं बचाव अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से तालमेल कर रहा है। इस सहयोग के लिए हम ओमान के अधिकारियों का धन्यवाद करते हैं। मंत्रालय ने आगे कहा, इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंता का विषय हैं। हम एक बार फिर तनाव तुरंत कम करने और बातचीत के जरिये समाधान निकालने की अपील करते हैं, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता लौट सके। वाणिज्यिक जहाजों और आम नागरिकों से जुड़े ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए।




आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग
घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE) Batch 2022-2026
PLACED IN TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

# भाजपा नेता ने रोपण के लिये, पौधे वितरित किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। वृहद वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने पौधारोपण हेतु पौधे वितरित किए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज पूरे प्रदेश में वृहद पौधारोपण महाअभियान कार्यक्रम प्रदेश सरकार के सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी संगठन, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा चलाया गया। जिसके तहत 35 करोड़ पौधे एक साथ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत संचालित है। पर्यावरण संरक्षण के इस महायज्ञ में सभी मंत्री, सांसद व विधायकगण, जनप्रतिनिधिगणों के साथ आम जनता को विशेष रूप से जोड़ा गया है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पर न्यूनतम पांच पौधे सहजन के रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्राम पंचायत में मेरी पंचायत हरित पंचायत अभियान के तहत राज्य की 57 हजार ग्राम पंचायतों में एक करोड़ 42 लाख पौधे लगाने की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके लिए आज जिला उद्योग केंद्र बिजनौर के उपायुक्त बलदेव सिंह द्वारा अपने विभाग की ओर से क्षेत्र के किसानों, समाज सेवी संस्थाओं को पौधे उपलब्ध कराए गए। भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने आज सामाजिक वानिकी की जालपुर पौधशाला पर पहुंचकर क्षेत्रीय किसानों, समाजसेवी संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को पौधे वितरित किए। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनका लालन पालन करने की अपील की। इस अवसर पर रेंजर वन विभाग रामकुमार सिंह, चौधरी ईशम सिंह, अटल त्रिपाठी, भाजपा भागूवाला मंडल के महामंत्री कपिल राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी पिछडा मोर्चा अरविंद विश्वकर्मा, सदस्य क्षेत्र पंचायत तापेंद्र सिंह, विशाल ठाकुर, महावीर सिंह, सुमित कुमार, वाजिद मकरानी, जाकिर अहमद, पौधशाला प्रभारी वन दरोगा विकास कुमार, कृषि विभाग से सुशील कुमार, आचार्य उदयवीर सिंह सौफतपुर, टिकेंद्र सिंह, आदि उपस्थित रहे।



पौधो का वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता।

## कांवड़ यात्रा के मद्देनजर, पुलिस प्रशासन ने कस ली कमर



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आगामी श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, साफ सफाई, यातायात के अंतर्गत रूट डायवर्ड प्लान आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। एसपी ने मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर मंदिर के पुजारी शशिनाथ से भी कांवड़ मेले को लेकर चर्चा की। पुलिस अधीक्षक के साथ एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल, एसपी यातायात गौतम राय, सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, नजीबाबाद थाना प्रभारी अमित कुमार, थाना प्रभारी मंडावली राकेश कुमार, यातायात निरीक्षक बिजनौर रवि नैन आदि मौजूद रहे।

## एफएम ट्रांसमीटर की स्थापना केवल मांग नहीं, बल्कि जनहित का संकल्प है



नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) बिजनौर के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एड. ने कहा कि नजीबाबाद में आकाशवाणी में एफएम ट्रांसमीटर की स्थापना के संबंध में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र प्रेषित किया गया है। साथ ही पार्टी की केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल से भी इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय में आग्रह किया जाएगा, ताकि इस मांग का शीघ्र समाधान हो सके। शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि हम केवल सोशल मीडिया व फेसबुक तक सीमित राजनीति में विश्वास नहीं रखते, बल्कि जनहित के मुद्दों को धरातल पर हल कराने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। नजीबाबाद सहित पूरे क्षेत्र के लाखों श्रोताओं, विद्यार्थियों, साहित्यकारों, कलाकारों एवं आम नागरिकों के हित में एफएम ट्रांसमीटर की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार एवं संबंधित मंत्रालय इस जनहित की मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर नजीबाबाद में जल्द ही एफएम ट्रांसमीटर स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। इस अभियान में जिला कोषाध्यक्ष वकील अहमद, शाहिद अहमद, किशोर कुमार, अभिषेक, प्रदीप चाहल, सोनिया मलिक, आकाश तोमर, नरेश सिंह, विनोद कुमार, देवेंद्र सिंह, नूर आलम, नईम अहमद, वाजिद, कोमल, अंश चौधरी, नफीस, कबीर अहमद, डॉ. शादाब आदि मौजूद रहे हैं।

## रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास जाम से होती है परेशानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश मार्ग पर अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा व टैक्सी स्टैंड लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। स्टेशन के सामने मुख्य सड़क के दोनों किनारों पर ई-रिक्शा, टैक्सी व अन्य सवारी वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े कर सवारियां भरने का सिलसिला दिनभर जारी रहता है। इससे पूरे क्षेत्र में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। यही नहीं रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का डाक बंगला भी इस अव्यवस्था का गवाह बना हुआ है। इस गेस्ट हाउस में शासन व प्रशासन के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों का नियमित आवागमन रहता है। इसके बावजूद स्टेशन के बाहर रोज लगने वाले जाम व अवैध स्टैंड पर किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। मुख्य सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों के कारण मार्ग काफी संकरा हो गया है। इसी मार्ग से क्षेत्र के कई विद्यालयों की बसें भी गुजरती हैं। जाम में फंसने के कारण स्कूली बच्चों को भीषण गर्मी और उमस के बीच लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट

कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की (केवल धामपुर वाले को वरीयता)

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

वृक्षारोपण में नौनिहालों से आगे आने का आह्वान ( पेज 11 )



# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली




## वर्धमान कॉलेज में उत्सव के रूप में मनाया गया पौधारोपण कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 'वृक्षारोपण महायज्ञ–2026' के अंतर्गत वर्धमान कॉलेज, बिजनौर में ईको क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का गुब्बारे उड़ाकर एवं ढोल नगाड़े के साथ भव्य शुभारंभ किया गया एवं इस कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना व ईको क्लब के समन्वयक डॉ. मनीष गुप्ता व प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने पौधों के औषधीय महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि हमें निरोगी रहने के लिए औषधीय एवं फलदार पौधे जैसे–तुलसी, नीम, एलोवेरा, हल्दी, अश्वगंधा, जामुन इत्यादि पौधे प्राकृतिक चिकित्सा का खजाना है। डॉ. मनीष गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने व उनके संरक्षण के लिए आह्वान किया। ईको क्लब के सदस्य डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. अनामिका, डॉ. रेनू चौहान, डॉ. आरती, डॉ. अरुणिमा यमदगिनी व महाविद्यालय परिवार द्वारा लगभग 300 पौधे महाविद्यालय प्रांगण में रोपित किए गए। इस अवसर पर डॉ. शशिप्रभा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. राजेश यादव, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. दिव्या जैन, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. राजीव विश्नोई आदि ने भी पौधे रोपित किए। इस अवसर पर डॉ. अंजू बंसल, डॉ.ओ.पी. सिंह, डॉ. अचिन्त्य गुप्ता, डॉ. चेतना शाक्य, डॉ. सोम्या सोनकर आदि भी उपस्थित रहे। वर्धमान क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी एवं NCC cadets ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सभी ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तत्वावधान में एक पेड़ गोद लेकर पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ भी ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय कर्मचारी श्री जगदेव, श्री नितिन भारद्वाज, श्री सत्येंद्र, श्री अरुण विश्नोई, श्री शरत शर्मा, श्री पंकज कुमार, श्री नरेश कुमार, श्री संजीव, श्री प्रमोद, मो. आजम, श्री जयनंद, श्री रोहित, श्री दिवाकर, श्री राजू, श्री बिशन, श्री दीपक आदि ने भी पौधे रोपित किये।

# रास्ता ठीक न कराने की मुख्यमंत्री से की शिकायत

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर निवासी एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर अपने घर के मुख्य द्वार का रास्ता ठीक कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाई नहीं की गई।

नगर के मौहल्ला रईसान निवासी योगेंद्रनाथ गुप्ता द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई कि उनके मकान का एक सम्मिलित रास्ता है। आरोप है कि उस सम्मिलित रास्ते के ऊपर रहने वाले उनके पड़ोसी ने उन्हें परेशान करने की नीयत से जानबूझकर अपनी नाली का पाइप छत पर खुला छोड़ दिया, जिससे नीचे के पुरे रास्ते में लगातार पानी गिरता रहता है। पूरा रास्ता कीचड़ से भर जाता है। उनका कहना है की कीचड़ भरे रास्ते में गिरकर उनके अथवा उनके परिजनों के साथ कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने तत्काल रास्ते को ठीक कराने की मांग की है।

# भाजपाइयों ने किया वृक्षारोपण

**कोतवाली देहात ( चिंगाारी )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला सहसंयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ व प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासभा रवि प्रजापति व महेश्वरी मंडल की मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी रानी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अवनीश प्रजापति, यशि प्रजापति, भाजपा नेता रवि प्रजापति ने समस्त भारतवासियों से अपील करते हुए कहा कि हर एक व्यक्ति कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए। रवि प्रजापति ने कहा पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। यदि पेड़ ही नहीं रहेंगे तो हमें शुद्ध वातावरण नहीं मिल पायेगा।



# भाई को छुड़ाने गया था, खुद भी पकड़ा गया

**गंज ( चिंगारी )।** अवैध शराब के साथ पकड़े गये भाई को छुड़ाने के लिये पुलिस चौकी पहुंचे युवक को भी पुलिस ने पकड़कर बैठा लिया। वह किसी अन्य मामले में वांछित था। शनिवार को गंज चौकी के पुलिसकर्मियों ने मुखबिर की सूचना पर सोमराम पुत्र रवि निवासी गंज को अवैध शराब के साथ पकड़ा था। सोम राम का भाई टीकम उसे छुड़ाने के लिये गंज पुलिस चौकी पहुंचा तो पुलिसकर्मियों ने उसे भी पकड़कर बैठा लिया। बताया जाता है कि टीकम किसी अन्य केस में वांछित चल रहा था। पुलिस ने सोमराम का चालान कर दिया व उसके भाई को भी थाना कोतवाली शहर बिजनौर भेज दिया।

## सूचना

मेरी एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम है, जिसका पॉलिसी नम्बर 255817849 है, जिसमें मेरा नाम भूलवंश महिपाल सिंह अंकित हो गया था। मेरे समस्त प्रमाण–पत्रों में मेरा नाम गुड्डू उर्फ भूरे है, जो सही है। दोनों नाम मेरे ही हैं। **–गुड्डू उर्फ भूरे पुत्र बल्लू सिंह निवासी फरीदपुर सधिरन हल्दौर, तहसील व जिला बिजनौर**



# चंद्रशेखर की बढ़ती सक्रियता से बसपा और सपा में हड़कम्प

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक तथा नगीना से लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है। उनकी बढ़ती सक्रियता को प्रदेश की दलित राजनीति में नये समीकरणों के रूप में देखा जा रहा है, जिससे बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी की रणनीतियों पर असर पड़ने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में चंद्रशेखर आजाद की बढ़ी सक्रियता और बहुजन समाज पार्टी के घटते जनाधार ने समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन को दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक मतदाताओं के बीच बेहतर प्रदर्शन का अवसर दिया। इसके बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले को और धार देने का प्रयास शुरू किया है। इसी बीच बसपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी पहली बार सार्वजनिक रूप से चंद्रशेखर आजाद पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह दलित उत्पीड़न और शोषण की घटनाओं का राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस्तेमाल करते हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे दलित राजनीति के नये उभरते प्रभाव के प्रति बसपा की चिंता के रूप में भी देखा जा रहा है। वहीं, चंद्रशेखर



आजाद की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर भाजपा की भूमिका पर भी विपक्षी हलकों में समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। आरोप लगाए जाते रहे हैं कि दलित वोटों के बिखराव की संभावना भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से लाभकारी हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। हाल ही में मेरठ की दलित छात्रा ललिता गौतम की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे चंद्रशेखर आजाद के काफिले को सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में कई स्थानों पर पुलिस द्वारा रोके जाने को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया। आजाद समाज पार्टी के कई पदाधिकारियों और समर्थकों ने आरोप लगाया कि उन्हें उनके घरों पर ही रोक दिया गया। इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा भी संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगे जाने और एक आरोपी के साथ पुलिसकर्मी के कथित दुर्व्यवहार का वीडियो सामने आने के बाद मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इस मुद्दे पर प्रदेश सरकार की आलोचना की है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि दलित मुद्दों पर चंद्रशेखर आजाद की बढ़ती सक्रियता आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश की दलित राजनीति के समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, इसका वास्तविक राजनीतिक प्रभाव चुनावी परिस्थितियों, संभावित गठबंधनों और विभिन्न दलों की रणनीतियों पर निर्भर करेगा।

## स्टॉक मार्केटिंग के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार


गिरफ्तार साइबर ठगी के अभियुक्त

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बढ़ापुर पुलिस ने दो साइबर अभियुक्त अमरजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम भोगपुर, थाना बढ़ापुर, मनदीप सिंह उर्फ मोनू पुत्र कुलदीप सिंह निवासी ग्राम चंपतपुर चकला, थाना बढ़ापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया था कि उक्त अभियुक्त संगठित रूप में साइबर ठगी कर रहे हैं। दोनों अभियुक्त स्टॉक मार्केटिंग ट्रेडिंग के नाम पर फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग कर आमजन को निवेश का प्रलोभन देकर उनके साथ ठगी किया करते थे। दोनों अभियुक्त संगठित रूप में धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे थे। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बढ़ापुर पर एक दिन पूर्व ही धारा 318 (4) 338, 336 (3), 340 (2) बीएनएस तथा आईटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त अमरजीत सिंह के पास से पुलिस ने साइबर अपराध से अर्जित 18700, कुलदीप सिंह के पास से 4300 रुपयों की नगदी तथा दो आधार कार्ड बरामद कर दोनों का चालान कर दिया है।

## सलीम अहमद बने मुस्लिम समाज महासभा के जिला अध्यक्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुस्लिम समाज महासभा के संगठनात्मक विस्तार के तहत जनपद बिजनौर में नई नियुक्ति की घोषणा की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिक जैतपुरी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान मलिक ने सलीम अहमद को मुस्लिम समाज महासभा, बिजनौर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद सलीम अहमद ने कहा कि वह संगठन की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।





## RVIT में किया गया पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर.वी.आईटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीम, नींबू, यूकेलिप्टस तथा अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल, तकनीकी निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, फार्मेसी निदेशक डा. हितेश कुमार, कुलसचिव विपिन कुमार, उपकुल सचिव तिलकराम सिंह, विनीत कुमार, डा. आशुतोष कंसल, डा. सय्यद अब्बास नकवी, डा. जीशान, उज्जवल पाठक, विमल कुमार, सय्यद हैदर, अभिषेक राणा सहित अध्यापकगण तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## पूर्ति निरीक्षक ने की जांच, राशन डीलर पर आई आंच

**शेरकोट ( चिंगारी )।** पूर्ति निरीक्षक ने जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर राशन डीलर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार के अनुसार शेरकोट क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद भवन निवासी हरवेंदर कुमार, फहीम अहमद, लवेश कुमार, उदयभान सिंह आदि ग्रामीणों की शिकायत पर 9 जुलाई को खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक की टीम उचित दर विक्रेता शकील अहमद की दुकान का औचक निरीक्षण करने गांव में पहुंची तो दुकान बंद मिली। इस दौरान दूरभाष पर हुई बात में राशन डीलर ने बाहर होने की बात बताई। पूर्ति निरीक्षक के अनुसार इस बीच डीलर के ही मकान में स्थित दुकान से एक व्यक्ति बाहर निकला, जिसने खुद को विक्रेता का पुत्र मौ. सालिम बताया। आरोप है कि जब विक्रेता के पुत्र से दुकान खुलवाकर स्टॉक का सत्यापन व स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई तो उसमें कालाबाजारी होना पाया गया और लगभग 19 कुंतल गेहूं और चार कुंतल चावल कम मिले। पूर्ति निरीक्षक ने मौ. सालिम और गांव के ही रहने वाले रिंकू चौहान पर जांच टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए, सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर के आधार पर डीलर शकील अहमद, मौ. सालिम और रिंकू चौहान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## द हेजलमून स्कूल में हुई टेबिल टेनिस प्रतियोगिता

**चांदपुर ( चिंगारी )। द हेज़लमून स्कूल में इंटर हाउस टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**



प्रतियोगिता में कार्नेलियन हाउस की ओर से राम अग्रवाल, ओम गोयल एवं अनुश्री शर्मा तथा दर्शराज एवं इफ्रा शाद ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद परिणाम घोषित किए गए। बालिका वर्ग में सफायर हाउस की जान्हवी जिंदल ने प्रथम स्थान, सिट्रीन हाउस की पीहू यादव ने द्वितीय स्थान तथा कार्नेलियन हाउस की अनुश्री शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमरल्ड हाउस से रूहानी मलिक ने प्रथम, सिट्रीन हाउस से काव्या जिंदल ने द्वितीय तथा कार्नेलियन हाउस से इफरा शाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सफायर हाउस के श्रेयांश मित्तल ने प्रथम स्थान, सिट्रीन हाउस के पुष्कल गोयल ने द्वितीय स्थान तथा एमरल्ड हाउस के नैतिक तोमर ने तृतीय, सफायर हाउस से शौर्य त्यागी प्रथम, सिट्रीन हाउस से शौर्य गोयल ने द्वितीय तथा कार्नेलियन हाउस से दर्शराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।

# वैश्य समाज ने मनाया कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी का पुनर्जन्म उत्सव, शिव पूजन व भंडारे का आयोजन




बिजनौर (चिंगारी)। वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी का पुनर्जन्म उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाए गए तथा मंदिरों में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर प्रगति की कामना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत भगवान को लड्डू एवं हलवे का भोग अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सिविल लाइन स्थित कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हुए, जहां भंडारे का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही समाज के लोगों में भी भंडारे का प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गोयल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता पर बल देते हुए नंदगोपाल नंदी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव गोयल, जिला महामंत्री सजल अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी वंदना अग्रवाल, सभासद एवं नगर अध्यक्ष राकेश अग्रवाल (राधे-राधे), विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण मोहन अग्रवाल, विधानसभा उपाध्यक्ष राकेश कुमार रस्तोगी, नगर मंत्री वैभव अग्रवाल, विश्व अग्रवाल, अमित अग्रवाल (साड़ी वाले), गुलशन गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, नगर महामंत्री मुकेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, नगर मंत्री कपिल सिंघानिया, अमित अग्रवाल (स्टांप वाले), प्रदीप अग्रवाल (झालू रोड) सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना, प्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने नंद गोपाल नंदी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

# रालोद कार्यकर्ता सम्मेलन से पहले विधायक गुलाम मोहम्मद का बिजनौर में भव्य स्वागत




बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए चांदपुर जाते समय सिवाल खास से रालोद विधायक गुलाम मोहम्मद का बिजनौर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। चौधरी चरण सिंह चौक पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर चांदपुर, नहटौर और नजीबाबाद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलनों के क्रम में विधायक गुलाम मोहम्मद के आगमन पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्वागत के दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रालोद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र पवार, जिला महासचिव सुशील चौधरी, जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी, अनुराग मलिक, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह, श्रीमती आशु राणा, विकास चौधरी, नगर पालिका सदस्य सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता ओम सिंह, ब्रजवीर सिंह, ओमवीर सिंह, जबर सिंह, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इमरान कुरैशी, राकेश सिंह खरक, राजीव सिंह उर्फ बॉबी, शुभम सिंह, शाहिद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बाद में विधायक गुलाम मोहम्मद चांदपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए रवाना हो गए। रालोद नेताओं का कहना है कि कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति दी जा रही है। कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से विधायक गुलाम मोहम्मद भी काफी उत्साहित और भावुक नजर आए।

## पाठकों की प्रतिक्रिया

# वाह! दोस्ती हो तो ऐसी

## चिंगारी को भी सेल्यूट

**1**

सांध्य दैनिक चिंगारी के नये शाहकार 'अपने शहर में' बढ़ापुर से रामपाल प्रजापति और अ. वाहिद की दोस्ती का समाचार पढ़कर दिल को बहुत चैन, सुकून मिला। दुनिया दोस्ती को मजहब, जाति, खून के रिश्तों की कसौटी पर तौलती है, ऐसे में रामपाल प्रजापति और अ. वाहिद जैसे लोग अपने किरदार से ये साबित कर देते हैं कि एकता ही बड़ा धर्म है। एक ऐसे वक्त में जब मुसलमानों को गिरी हुई नजरों से देख जा रहा है। इस एक सच्ची दोस्ती ने ऐसे वक्त में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम कर जिले का नाम रोशन कर नफरती लोगों के गाल पर गहरा तमाचा जड़ने का काम किया है। हमें चाहिए कि हम फिर से ऐसे ही एकता बनाएं रखें और नफ़रती लोगों के चक्कर में आकर आपसी सोहार्द खराब न करें। मैं तमाम लोगों से ये अनुरोध करता हूं कि आपसी भाईचारा बनाएं रखें! आपस में एक-दूसरे से नफ़रत न करें, सामाजिक स्तर पर एकता बनाएं रखें ओर अनेकता में एकता वाली कहावत को पूरा कर मुल्क में अमनो अमान कायम करें। हर इंसान एक-दूसरे के धर्म की इज्जत करें। रामपाल प्रजापति और अ. वाहिद की दोस्ती के माध्यम से समाज को हिंदू-मुस्लिम एकता व भाईचारा का संदेश देने वाली सांध्य दैनिक चिंगारी की टीम को सेल्यूट।



**-डॉ फ़रमान अहमद**
**पुत्र मास्टर तसलीम अहमद**
**निवासी ग्राम महेश्वरी जट ( बिजनौर )**

**2**

सांध्य दैनिक चिंगारी के नये शाहकार अपने 'शहर में' में बढ़ापुर निवासी अब्दुल वाहिद व रामपाल प्रजापति की दशकों से चली आ रही दोस्ती की स्टोरी पढ़ी। दोनों की दोस्ती एक मिसाल ही नहीं बल्कि जातिवाद ओर धर्म के भेदभाव की आग में झुलस रहे समाज के लिए एक आईना भी है। सर्वसमाज को अब ये जातिवाद ओर धर्म की मिथ्या तोड़कर आपसी प्रेम सद्भाव से रहना होगा, तभी सभी का कल्याण ओर तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा। हम सभी को संयुक्त रूप से एकजुट होकर समाज से जाति भेदभाव वाली कुरीति को दूर करना होगा। किसी एक व्यक्ति विशेष के सहयोग से नहीं अपितु, सर्वसमाज को आगे आना होगा। मैं चाहता हूं कि सभी जगह प्यार मोहब्बत, अमन चैन ओर भाईचारा कायम रहे। सांध्य दैनिक चिंगारी की टीम को इसलिए साधुवाद कि हमेशा से समाज में भाईचारा, एकता का संदेश दिया है, समाज को जोड़ने के लिए क़लम चलाया है।



**-अभिषेक वत्स**
**जिला सचिव**
**बिजनौर अभिभावक संघ बिजनौर**

# जलभराव व दबंगों से निजात दिलाने की मांग

## मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजा



हल्दौर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला रहिसान निवासी 92 वर्षीय बुजुर्ग योगेंद्रनाथ गुप्ता ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर अपने घर के मुख्य मार्ग पर हो रहे जलभराव को ठीक कराने और दबंगों से निजात दिलाने की मांग की है। पीड़ित बुजुर्ग योगेंद्रनाथ गुप्ता के अनुसार, उनके और पड़ोसी नीरज खंडेलवाल के घर का रास्ता साझा है, जिसके ऊपर नीरज खंडेलवाल का मकान बना हुआ है। बुजुर्ग का आरोप है कि नीरज खंडेलवाल ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान करने की नीयत से जानबूझकर अपनी छत की नाली का पाइप रास्ते के ठीक ऊपर खुला छोड़ रखा है। इस कारण छत का सारा पानी मुख्य रास्ते पर गिरता रहता है, जिससे पूरे रास्ते में हमेशा कीचड़ बना रहता है। बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि उन्होंने इस बाबत कई बार स्थानीय पुलिस और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन दबंगों के प्रभाव के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बुजुर्ग का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण उनकी शिकायत फाइलों में ही दबकर रह गई है। वृद्धावस्था के कारण योगेंद्रनाथ गुप्ता का चलना-फिरना पहले ही कठिन है। उन्होंने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि कीचड़ भरे इस रास्ते से गुजरते समय वे या उनके परिजन कभी भी फिसलकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए जल्द से जल्द पाइप को दुरुस्त कराने और रास्ते को आवागमन के योग्य बनाने की गुहार लगाई है।




//23+ years of LEGACY

THE FUTURE WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE.

## Degree Programme


- B.V.Sc & A.H.
- BAMS
- BNYS
- B.Pharmacy
- Post Basic BSc Nursing
- B.Sc. Nursing
- B.P.T.
- B.M.L.S.
- B.Optometry
- B.Sc. Microbiology
- B.Sc. Biotechnology
- B.Sc. Food Technology
- B.Tech (CSE)
- BCA
- B.Sc. (Computer Sc.)
- BBA
- BBE
- B. COM
- BA LL.B
- BBA LL.B (Hons.)
- B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
- B.Sc. Home Science

## Diploma Programme

- Diploma in Agriculture
- Diploma in Veterinary Science
  Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
- Diploma in Pharmacy
- Diploma in Engineering (Polytechnic)
- Diploma in Elementary Education (BTC)
- G.N.M. I A.N.M.

CONTACT US:

7055604050
7055604040



www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR

Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# डीएम ने कांवड़ मार्गों का किया निरीक्षण



## गड्ढों को अविलंब भरवाने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को जनपद के विभिन्न कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौजमपुर-मंडावली मार्ग, मोटा महादेव-भागूवाला, भागूवाला-चिड़ियापुर तथा पूरनपुर-रानीपुर मार्ग का भ्रमण कर सड़कों की स्थिति का अवलोकन किया।


निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर गड्ढों को भरवाया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्रपाल सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अवधेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संगठित होकर आंदोलन करेंगे कर्मचारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिंचाई संघ, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, अटेवा पेंशन बचाओ मंच आदि संगठनों की संयुक्त बैठक का आयोजन मध्य गंगा फील्ड हॉस्टल बिजनौर में शूरवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री आशीष कुमार के संचालन में किया गया। बैठक में राजस्व कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और समस्याओं के निराकरण हेतु विचार-विमर्श किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला संरक्षक देशराज ने सभी कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि किसी भी कर्मचारी के स्वाभिमान और सम्मान को ठेस नहीं पहुंचने दी जाएगी। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मिलकर संघर्ष करना है। संगठित होकर यदि संघर्ष करेंगे तो निश्चित सफलता मिलेगी। जिला महामंत्री सुभाष यादव ने कहा कि कर्मचारियों का जो हक है हम उसे लेकर रहेंगे। विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने बताया कि संघों के सभी पदाधिकारी मिलकर समस्या का समाधान कराएंगे। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को अधिकारियों को मानना चाहिए और उनकी समस्याओं का हल करना चाहिए। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री संजय सिंह, भंडारपाल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

DF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# लायनेस क्लब ने जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में किया सहयोग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डन लायनेस क्लब मेन, बिजनौर द्वारा सामाजिक सरोकार एवं सेवा भावना का परिचय देते हुए एक अत्यंत जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक एवं आवश्यक घरेलू सामग्री प्रदान कर सहयोग किया गया। क्लब की ओर से परिवार को नगद धनराशि, वस्त्र, बर्तन तथा अन्य उपयोगी उपहार भेंट किए गए, जिससे विवाह की तैयारियों में उन्हें महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई। कार्यक्रम में क्लब की अनामिका राजपूत सहित विनीता रघुवंशी, विनीता राजपूत, सीमा अग्रवाल, मनु अग्रवाल, आशा अग्रवाल एवं सुनीता सिंह ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



# कई राज्यों के लोगों से साइबर ठगी करने वाले पति-पत्नी सहित 6 गिरफ्तार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने उत्तर प्रदेश सहित ओडिशा, दिल्ली व तमिलनाडु के लोगों से संगठित रूप से साइबर धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से 38430 रुपये, 8 मोबाइल फोन, 9 आधार कार्ड, 6 पैन कार्ड, 8 एटीएम कार्ड, 7 बैंक पासबुक, 6 चैकबुक आदि सामान बरामद किया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए साहिल पुत्र नवाब खान व मौ. रफी पुत्र मौ. हारुन निवासी मुहल्ला चाहसंग चांदपुर, महेन्द्र पुत्र राम सिंह, पूनम पत्नी महेन्द्र व कमलवीर पुत्र सोनपाल निवासीगण ग्राम कौराल थाना नौगांवां सादात, जनपद अमरोहा तथा सुमित पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम नसीरपुर बनवारी थाना धामपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने बताया कि वे एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते थे, लोगों को धोखा देने के लिए उनके मोबाइल फोन पर स्वयं को रिश्तेदार बताकर अथवा ट्रेडिंग में अधिक लाभ का लालच देकर कूटरचित फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजते थे कि उनके खाते में गलती से धनराशि स्थानांतरित हो गई है, जिसे वापस कर दिया जाए। इस प्रकार वे लोगों को झांसे में लेकर अपने एवं फर्जी बैंक खातों में धनराशि स्थानांतरित करा लेते थे। पूछताछ में यह भी बताया कि उक्त बैंक अकाउंट अपने नाम तथा अपने साथियों के फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर खुदवाये जाते थे, जिनका उपयोग साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन में किया जाता था। पुलिस को गिरफ्तार लोगों के पास से 8 मोबाइल फोन, 9 आधार कार्ड, 6 पैन कार्ड, 8 एटीएम कार्ड, 7 बैंक पासबुक, 6 चैकबुक, 7 वीआई सिम रैपर,1 डाइविंग लाइसेंस, 2 वोटर आईडी कार्ड, 2 ईश्रम कार्ड, 2आयुषमान कार्ड,1 पहचान पत्र व 38430 रुपये की नकदी भी मिली। पुलिस टीम में अपराध निरीक्षक दिनेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक हिमांशु पंवार, हे.का. सुरेन्द्र कुमार, कां. किशनकांत दुबे, मुकेश, सोनम, अंजली शामिल थी।



# नियम ताक पर, जान जोखिम में..

## रात में बिना लाइट दौड़ रहे ई-रिक्शा, प्रशासन मौन

### हेड लाइट-बैक लाइट दोनों गायब, ओवरलोडिंग आम बात, हादसे का इंतजार कर रहा प्रशासन

–हरमन्दर सिंह

**खासपुरा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में ई-रिक्शा यातायात नियमों को ताक पर रखकर अंधाधुन दौड़ रहे हैं। ई-रिक्शाएं आम लोगों के लिए सिर दर्द बन गई है। शाम के बाद अधिकतर ई-रिक्शा बिना हेड लाइट और बिना बैक लाइट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि खासपुरा-नूरपुर रोड और आसपास के क्षेत्र में चलने वाले ई-रिक्शा चालक ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी चलाते हैं।

ज्यादातर ई रिक्शा चालक वाहन की बैटरी की बचत को लेकर मेन हेड लाइट बंद रखते हैं। रोड पर चलते देखा गया कुछ ई रिक्शा में पीछे ब्रेक लाइट-इंडिकेटर, रिफ्लेक्टर कुछ नहीं लगा हुआ है, जिससे पीछे से आ रहे वाहन चालकों को पता ही नहीं चलता, और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। 16-17 साल के लड़के बिना लाइसेंस ई-रिक्शा चलाते मिल जाएंगे। खासपुरा, पैजनिया, नूरपुर क्षेत्र के आसपास के इलाकों में सुबह से देर शाम तक किशोर चालक सवारियां ढोते नजर आते हैं। अधिकांश वाहनों के चालकों के पास न तो वैध ड्राइविंग लाइसेंस होता है और न ही यातायात नियमों की जानकारी,इसके बावजूद ये तेज रफ्तार में सवारियां लेकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं, और सवारी देखते ही बिना पीछे देखे ब्रेक लगा देते हैं।




चार सीटर की जगह सात से आठ लोग ठूंसकर ले जाए जा रहे। छोटे बच्चों को भी गोद में बिठाकर चलाते हैं।

### एक रिक्शा चालक की मौत हो चुकी

पिछले कुछ समय पहले नूरपुर रोड गांव खासपुरा के पास पर एक ई-रिक्शा को पीछे से मैक्स (पिकअप) ने टक्कर मार दी थी, जिसमें 3 सवारी घायल हुई थीं, और रिक्शा चालक की मौत हो गई थी। स्थानीय दुकानदार नावाजिश ने कहा- रोड पर अधिकतर अनफिट ई रिक्शा चल रहे हैं, जिससे सवारी के साथ अपनी जान भी जोखिम में डालकर चल रहे हैं।

### आम जनता की मांग-

विशेष चैकिंग अभियान चलाकर ई रिक्शा चालकों को जागरूक किया जाए। बिना लाइट वाले ई-रिक्शा सीज किए जाएं। स्टैंड पर रिफ्लेक्टर स्टीकर मुफ्त लगवाए जाएं

### नियम क्या कहता है

**मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार हर ई-रिक्शा में हेड लाइट, इंडिकेटर, रिफ्लेक्टर और परमिट होना अनिवार्य है। रात में बिना लाइट चलने पर 10000 रुपये का जुर्माना है। ट्रैफिक प्रभारी ( बिजनौर ) रवि नैन सिंह का कहना है- समय-समय पर उचित कार्यवाही की जाती है, नूरपुर क्षेत्र की ओर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।**

## एम.डी. कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान, विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** चामुंडा मंदिर के निकट स्थित एम.डी. कॉलेज, बिजनौर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान प्लास्टिक, कागज एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व पर लोगों को जागरूक करते हुए अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक श्री विदित कुमार ने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने तथा समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## जन्मभूमि की यादों को संजोने के लिए ग्राम प्रधान बिलकीस ने पैतृक गांव में किया वृक्षारोपण

**वृक्षारोपण महोत्सव के अवसर पर परिवार के साथ पहुंचीं नारायणपुर रतन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर कुरैशी, विकास क्षेत्र कोतवाली की ग्राम प्रधान बिलकीस ने अपनी जन्मभूमि की स्मृतियों को संजोने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से अपने पैतृक गांव ग्राम पंचायत नारायणपुर रतन, विकास क्षेत्र नजीबाबाद, जनपद बिजनौर में वृक्षारोपण किया। ग्राम प्रधान बिलकीस अपने परिवार के साथ मायके पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने पैतृक गांव में पौधे रोपकर बचपन की यादों को ताजा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य धरोहर हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन्मभूमि से जुड़ाव जीवनभर बना रहता है और अपने गांव की मिट्टी में पौधा लगाना उनके लिए भावनात्मक पल रहा। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण में सहयोग किया और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। ग्राम प्रधान बिलकीस के इस प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणादायक पहल बताया।

**कविता**

## आखिर कब तक

( लखनऊ अग्निकांड से प्रेरित )



आज पार कर घर की दहलीज
बेटा निकल पड़ा था
अपने कुछ सपनों की ओर।
मां की आंखें नम थीं
पर थीं उनमें कुछ नायाब सी उम्मीदें,
एक रोशन सी चमक।
पर हृदय हुआ जा रहा था
कुछ खाली सा..
कुछ वीरान सा।
बेटे के कानों में
सुनाई पड़ रही थीं
बड़े से शहर की कोचिंग
संस्थानों की बुलाहट,
नई मंजिलें पाने की ललक।
अजीब सा माहौल बुन लिया है
बेटे के उन सपनों ने
घर में बची है अब
थोड़ी भावुकता..थोड़ा डर..
थोड़ा.. खालीपन।
हर कदम बांध रहा है
अपने साथ नई जिम्मेदारी।
दहलीज के पार चलती हवा में
मिल गई दहलीज के अंदर की
हवा की नमी।।
आज ठीक नौ महीने बाद
वापस आया बेटा
एक लकड़ी के बक्से में बंद
राख के जैसा श्यामल तन
मां बदहवास,
मैंने नौ महीने में दिया जन्म
शहर ने नौ महीने में
कर दिया बेटे को खत्म।
धूमिल हो गई बाप की लाठी
रह गई बस राख, राख, राख..



–डॉ. शिवाली राठी
चंद्रलोक कॉलोनी, बिजनौर

# सेवा के लिये मंच नहीं, जज़्बा होना चाहिए

## हमारे शहर में..

-नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो बिना किसी प्रचार, सम्मान या पहचान की अपेक्षा किए केवल मानवता के लिए कार्य करते हैं। उनका मानना होता है कि किसी प्यासे को पानी पिलाना, किसी जरूरतमंद की सहायता करना और दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ी इबादत और सबसे बड़ा धर्म है।

कहते हैं कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने घर में देखते हैं। यदि माता-पिता और बुजुर्ग समाजसेवा की राह पर चलते हैं, तो उनके संस्कार आने वाली पीढ़ियों में भी स्वत: उतर जाते हैं। ऐसे ही अफजलगढ़-कालागढ़ रोड स्थित हिंदुस्तान ट्रेडर्स के संचालक अब्दुल्ला इसी जीवंत परंपरा के उदाहरण हैं। उन्होंने अपने पिता से मिली सेवा की सीख को केवल शब्दों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे अपने कर्मों से जीवंत कर दिया। भीषण गर्मी के दिनों में जब राहगीर, तेज धूप में प्यास से बेहाल हो जाते हैं, तब अब्दुल्ला द्वारा अपनी दुकान के बाहर लगाया गया नि:शुल्क वाटर कूलर उनके लिए किसी राहत से कम नहीं होता। हजारों रुपये की लागत से अपने निजी खर्च पर लगाए गए इस वाटर कूलर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग शीतल पेयजल प्राप्त कर अपनी प्यास बुझाते हैं। इस सेवा के लिए किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता और न ही किसी प्रकार का भेदभाव किया जाता है। जो भी प्यासा वहां पहुंचता है, उसके लिए ठंडा पानी हमेशा उपलब्ध रहता है। नगर के पूर्व सभासद आकाश अग्रवाल बताते हैं कि एक बार वाटर कूलर अचानक खराब हो गया। कंपनी के कर्मचारियों ने गारंटी में होने के बावजूद इसे ठीक करने के लिए तीन दिन का समय मांगा। लेकिन अब्दुल्ला ने यह सोचकर कि भीषण गर्मी में लोगों को तीन दिन तक पानी की परेशानी होगी तो निजी खर्च पर मात्र तीन घंटे के भीतर इसे ठीक करा दिया था। उनके लिए मशीन की गारंटी से अधिक महत्वपूर्ण लोगों की सुविधा और उनकी प्यास थी। यह घटना बताती है कि सेवा केवल साधन जुटाने का नाम नहीं बल्कि दूसरों की तकलीफ को अपनी जिम्मेदारी समझने का नाम है।


मोहम्मद अब्दुल्ला।



दुकान में लगा वाटर कूलर।

### पिता से मिले सेवा के संस्कार

अब्दुल्ला बताते हैं कि उन्हें समाजसेवा की प्रेरणा अपने पिता स्वर्गीय नसीम अहमद से मिली है। स्वर्गीय नसीम अहमद अपने जीवनकाल में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते थे। किसी भी धर्म, जाति या समुदाय का आयोजन हो वह बिना किसी भेदभाव के हर संभव सहयोग करने के लिए सबसे पहले खड़े दिखाई देते थे। आज मोहम्मद अब्दुल्ला उसी विरासत को पूरे समर्पण और सादगी के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी यह छोटी-सी पहल हर दिन सैकड़ों लोगों की प्यास बुझाने के साथ-साथ समाज को यह संदेश भी देती है कि समाजसेवा के लिए बड़े मंच या बड़े संसाधनों की नहीं बल्कि बड़े दिल की आवश्यकता होती है।

### सवाल

**क्या आपके घर, दुकान, कार्यालय या प्रतिष्ठान के बाहर भी गर्मी के मौसम में राहगीरों के लिए नि:शुल्क ठंडे पेयजल की व्यवस्था है? यदि नहीं, तो क्या आप आज से इस छोटी-सी लेकिन अनमोल पहल की शुरुआत करेंगे?**

# भरोसे और स्वाद का प्रतीक पूजा घंटेवाला




-विपिन भारद्वाज

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के सदर बाजार में सन् 1985 में विजय शर्मा द्वारा स्थापित 'पूजा घंटे वाला' नामक प्रतिष्ठान आज भी अपनी पहचान बनाये हुये है। यहां के लजीज समोसे, छोले, टिक्की व मिठाइयों की वैरायटियां क्षेत्रवासियों के दिलों में खास पहचान बनाये हुये हैं। बरसात के इन दिनों में सुरमयी घटाओं व आसमां से गिरती रिमझिम फुहारों के बीच जैसे ही कारीगर गर्म कढ़ाई में समोसे तलने शुरू करता है तो उसकी फैली खुशबू से खाने के शौकीनों को दूर से ही दुकान पर खींच लाती है। दुकान पर उमड़ी चटपटी चाट के शौकीनों की भीड़ हरिद्वार की प्रसिद्ध चाट गली की यादें ताजा कर देती है। सन् 2012 में संस्थापक विजय शर्मा के स्वर्गवास के पश्चात उनके सुपुत्र रोबिन पंडित अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उच्च गुणवत्ता, स्वादिष्टता व अपने मधुर व्यवहार के साथ आगे बढ़े तो आज यह प्रतिष्ठान नगर की पहचान बन गया है। दुकान पर लटकता बड़ा घंटा प्रतीक है। सात्विक स्वाद, परम्परा और भरोसे का। दही, इमली व पुदीने की चटनी और ऊपर से करारी सेव डालते ही टिक्की का स्वाद लाजवाब हो जाता है। वहीं ताजे तले समोसे से निकलती गर्मागर्म भाप व सुगंध और उनका कुरकुरापन बरसात के मौसम का मजा दुगुना कर देता है। इसके अतिरिक्त दही भल्ला, छोले भटूरे, बर्थडे केक (बिना अंडेवाला) के साथ मिठाइयों की विभिन्न वैरायटियां पूर्ण शुद्धता व स्वादिष्टता की गारंटी के साथ उपलब्ध हैं।



स्व. विजय कुमार शर्मा

### ग्राहकों का विश्वास कमाया- रोबिन

रोबिन पंडित के अनुसार पिछले 41 वर्षों में हमने अपने ग्राहकों का विश्वास कमाया है। वह मात्र हमारे ग्राहक ही नहीं बल्कि परिवार के सदस्य बन गये हैं। ग्राहकों की संतुष्टि व भरोसा ही मारा सबसे बड़ा ध्येय है।



## कुलदीप मावे वालों को मातृशोक



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के प्रमुख मावा व्यवसायी एवं चौरासी घंटा मंदिर प्रबंध समिति के सक्रिय सदस्य कुलदीप राजपूत एडवोकेट की पूज्य माता जी श्रीमती कलावती का निधन हो जाने से मोहल्ले व नगर के व्यापारियों में शोक व्याप्त हो गया। परिवार सूत्रों के अनुसार 90 वर्षीय कलावती पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। शनिवार की सायं नजीबाबाद रोड स्थित अपने निवास स्थान पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे दीन दुखियों की सेवा व धार्मिक कार्यों में सदैव आगे रहती थीं। वे अपने पीछे चार पुत्रों व दो पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। आज सुबह गंगा बैराज पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में नगर के भारी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों ने शामिल होकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करता है।

## कालागढ़ जल विद्युत गृह ने लक्ष्य से अधिक विद्युत उत्पादन किया

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कालागढ़ जल विद्युत गृह ने चालू वित्तीय वर्ष में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए विद्युत उत्पादन का निर्धारित लक्ष्य 90 मिलियन यूनिट (एमयू) लक्ष्य से कहीं अधिक 163.295 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कालागढ़ जल विद्युत गृह के उपमहाप्रबंधक अमरीश यादव ने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयास, बेहतर तकनीकी प्रबंधन तथा उपलब्ध जल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के चलते यह उपलब्धि प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के निर्देशानुसार सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता नहीं होने के कारण कालागढ़ जल विद्युत गृह से जल प्रवाह पूर्णत: बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विभाग उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों से अधिक विद्युत उत्पादन के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। निर्धारित लक्ष्य से लगभग दोगुना उत्पादन कर विभाग ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

## भाजपाइयों ने किया पौधारोपण

**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इंटर कॉलिज में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने खेत, घर आंगन, विद्यालय, संस्थान अथवा उपलब्ध भूमि पर कम से कम तीन पौधे अवश्य लगायें तथा उनकी नियमित देखभाल करें। मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष जीतू भुइयार, प्रदीप कुमार राणा, प्रमोहन चौहान, गजेन्द्र सैनी,श क्तिकेंद्र संयोजक हितेंद्र सिंह, उमेश पाल, मंडल मंत्री राहुल यादव, विनोद वाल्मिकी, सुरेंद्र पाल, डॉ. शीला राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नोडल अधिकारी से मिला भाकियू का प्रतिनिधिमंडल

## सहकारी समितियों के जीर्णोद्धार, ऋण पर ब्याज अनुदान व कर्मचारियों की भर्ती की मांग

**बिजनौर (चिंगारी)। जनपद बिजनौर के नामित नोडल अधिकारी योगेश कुमार, आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता, उत्तर प्रदेश शासन के बिजनौर आगमन पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) का एक प्रतिनिधिमंडल युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के नेतृत्व में उनसे मिला। दिगंबर सिंह ने सहकारिता समितियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की तथा एक मांग-पत्र सौंपा।**

प्रतिनिधिमंडल ने बिजनौर के नामित नोडल अधिकारी योगेश कुमार के समक्ष प्रमुख रूप से गत वर्ष किसानों से 7 प्रतिशत ब्याज की दर से वसूले गए फसली ऋण पर देय 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान (सब्सिडी) का भुगतान शीघ्र कराने, जर्जर हो चुकी सहकारी समितियों एवं खाद गोदामों के जीर्णोद्धार, समितियों में कर्मचारियों की कमी दूर करने, गन्ना किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने, समितियों पर समय-समय पर गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक, कृषि उपकरण एवं कृषि वैज्ञानिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित सहकारिता व्यवस्था को



मजबूत बनाने संबंधी विभिन्न मांगें रखीं। रजिस्ट्रार योगेश कुमार ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, बैंक सचिव, ए.आर. कोऑपरेटिव एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की सभी जर्जर सहकारी समितियों एवं खाद गोदामों का प्रस्ताव तत्काल तैयार कर लखनऊ भेजा जाए।

किसान नेता दिगंबर सिंह ने बताया कि आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता योगेश कुमार ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव प्राप्त होते ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराकर समितियों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। गन्ना किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के सुझाव पर उन्होंने कहा कि इस विषय पर शासन स्तर पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया जाएगा। समितियों में कर्मचारियों की कमी के संबंध में उन्होंने बताया कि जुलाई माह के अंत तक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, बैंक सचिव, ए.आर. कोऑपरेटिव, मुरादाबाद, भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, चौधरी दिगंबर सिंह, अतुल कुमार बालियान, शुभम चौधरी, देवानंद भुईयार सहित अनेक पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# शत-प्रतिशत रहा सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज का परीक्षाफल

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर (फ़ाइनल ईयर) का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। अश्विता त्रिवेदी ने 77.4 प्रतिशत अंक पाकर कर प्रथम स्थान, मानवी डवास ने 76.1 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व माही त्यागी ने 70 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव उदयन वीरा, रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) व स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की







शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की। संस्था के निदेशक प्रो. डॉ. अमित कुमार बंसल ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा, स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, विभागाध्यक्ष सुधीर लाम्बा सहित विभोर राजवंशी, सरिता बंसल, विवेक कुमार, गजेंद्र सिंह, निकिता सिंह, अफीफा सिद्दीकी आदि को भी बधाई दी।

# हेमेन्द्रपाल सिंह एआईजीईटीओए सर्किल सचिव निर्वाचित

## मेरठ में हुई बीएसएनएल अधिकारियों के संगठन की वार्षिक आम सभा में मिला भारी बहुमत



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों के संगठन ऑल इंडिया ग्रेजुएट इंजीयर्स एंड टेलीकॉम ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईजीईटीओए) उत्तर प्रदेश पश्चिम की छठी वार्षिक आम सभा में हुए चुनाव में बिजनौर में तैनात बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक हेमेन्द्रपाल सिंह भारी बहुमत से उत्तर प्रदेश पश्चिम के सर्किल सचिव निर्वाचित हुए। शुक्रवार को मेरठ में आयोजित सभा में संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएनएल उत्तर प्रदेश पश्चिम के मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि एआईजीईटीओए के महासचिव रविशील वर्मा मौजूद रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश पश्चिम परिमंडल के विभिन्न जनपदों से आए बीएसएनएल अधिकारियों ने भाग लिया। वर्तमान में हेमेन्द्रपाल सिंह बीएसएनएल बिजनौर में एजीएम (सीएफए/भारत नेट) के पद पर कार्यरत हैं।

# गुलाब सिंह महाविद्यालय में हवन-यज्ञ के साथ हुआ नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ

**चांदपुर (चिंगारी)।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान के द्वारा नये सत्र में छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य, परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार और महाविद्यालय परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। हवन यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना रहे। यज्ञ-हवन का कार्य आर्य समाज से आए प्रेम भाटिया द्वारा कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. साधना ने नये विद्यार्थियों का कॉलेज परिसर में स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त



करना ही नहीं, बल्कि एक अच्छे चरित्र का निर्माण करना भी है। वैदिक परंपरा के साथ नये सत्र की शुरुआत विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना का विकास करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सेंट मेरिज स्कूल में फेलिसिएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन

**हल्दौर (चिंगारी)।** सेंट मेरिज कान्वेंट स्कूल हल्दौर में फेलिसिएशन सेरेमनी (सम्मान समारोह) का भव्य आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर टोनी एलेक्स रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों का तिलक लगाकर तथा बैज पहनाकर पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में सिस्टर फिल्वी, सिस्टर क्लेरेट, सिस्टर प्रिशियस (केजी इंचार्ज) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, समूहगान एवं अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल थीं। सभी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं




अभिभावकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेल तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि फादर टोनी एलेक्स ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस सफल आयोजन का समन्वय विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सर वासु एवं मैम वंदना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह समारोह विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक एवं यादगार रहा।

# दोस्तों से हुए झगड़े के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** बीती रात नगर के मोहल्ला बाड़वान निवासी एक युवक ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बाड़वान निवासी 32 वर्षीय विशाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय सतीशचंद्र वर्मा बीती रात शराब के नशे में टल्ली होकर अपने घर पहुंचा उस समय उनकी माता जी मधु वर्मा घर पर मौजूद थीं।

विशाल वर्मा ने घर में घुसते ही कहा कि अम्मा मुझे दोस्त ने बाल पकड़-पकड़कर मारा है। उन्होंने विशाल वर्मा को काफी समझाने का प्रयास किया, परंतु उसने एक नहीं सुनी। कमरे में जाकर चुनरी पंखे में लटकाकर आत्महत्या करने की बात कहने लगा। इस पर उन्होंने उसे समझाया, परंतु विशाल वर्मा ने उनकी नहीं सुनी। विशाल वर्मा का अभी विवाह नहीं हुआ है, इसलिए घर पर विशाल वर्मा और मधु वर्मा अकेली रहती हैं,



मृतक का फाइल फोटो

इसलिए वह पड़ोसियों को बुलाने के लिए घर से बाहर पहुंचीं तब तक विशाल वर्मा पंखे से लटक चुका था।

जब वह वापस आईं तो देखा कि विशाल का शव पंखे से लटका हुआ है।

घटना की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को कोतवाली ले आई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

विशाल वर्मा का झगड़ा किन युवकों से हुआ और आखिरकार उसने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों कर ली पुलिस इस संबंध में जांच कर रही है। इस घटना के बाद विशाल की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। विशाल वर्मा शादियों के सहालक में कारीगरों के साथ काम करने जाता था वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

# भरभराकर गिरी कच्चे मकान की छत

**नहटौर ( चिंगारी )।** हाल ही में हुई बारिश से ग्राम शमशाबाद में कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। छत गिरने से परिजन बाल-बाल बच गए। राशन का सामान नष्ट हो गया। ग्राम शमशाबाद निवासी निपेन्द्र का कच्चा मकान है। उसने आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया था, लेकिन अभी तक उसकी सुनवाई नहीं हुई। 2 दिन पूर्व हुई बारिश के दौरान निपेंद्र के मकान की छत अचानक भरभराकर कर गिर गई। उस समय निपेन्द्र और उसके परिजन दूसरी साइड में सो रहे थे। वह बाल-बाल बचे। छत गिरने से घर में रखा उसका राशन आदि सामान भी नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने शासन से पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है। पीड़ित ने विधायक ओम कुमार को पत्र देकर आवास योजना के अंतर्गत मकान बनवाने की गुहार लगाई है।

# तैयब सराय में आवारा कुत्तों ने बछिया को घायल किया

**शेरकोट ( चिंगारी )।** ग्राम मुस्तुफापुर तैयब उर्फ तैयब सराय में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कुत्तों ने एक निराश्रित बछिया को कई जगह काटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

ग्रामवासी पप्पू सिंह सैनी ने बताया कि वह गांव के निकट स्थित आम के बाग की रखवाली करता है। कल दोपहर वह अपने घर आ रहा था, इस बीच आवारा कुत्तों के झुंड ने क्षेत्र में निराश्रित घूमने वाली एक बछिया को घेरकर उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने उसे कई स्थानों पर काटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इस बीच मौके पर लाठी-डंडे लेकर आये आसपास के लोगों ने किसी तरह बछिया को कुत्तों के चुंगल से छुड़ाया। ग्रामीणों ने गाय का उपचार कराने के बाद उसे पास के गांव नसीरदीवाला में गौशाला में पहुंचा दिया। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ने से लोगों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने ब्लाक के अधिकारियों से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।



# कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में हुआ भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह कौरव एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि माँ हमें जीवन देती हैं। वृक्ष जीवन को सुरक्षित रखते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का दायित्व भी निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है।

महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अभियान में भाग लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने का भी आह्वान किया गया।

इस अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज, प्रीतम सैनी, राजकुमार, रवि रहतौलिया, समस्त प्राध्यापकों डॉ. शबनम कुरेशी, एकता त्यागी, पूजा लाम्बा, फाल्गुनी शर्मा, सिमरन भारद्वाज, काजल रानी, मनीषा रानी, प्रिया रानी, विनीता देवी, शिखा मेहरा, काशिफ खान, अमित गौड़, हर्ष राजपूत, लेखराज, आदिल खान, पुनीत चौधरी, बिजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, अनुज कुमार, अवनीश कुमार एवं अन्य कर्मचारी सम्मिलित रहे।

वीरा चैरिटेबल सोसाइटी के सचिव कुंवर उदयन वीरा, मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा एवं रेडियो संदेश बिजनौर की सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्थान को स्वच्छ एवं हरा रखने का आह्वान किया।

महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता विकसित हो सके।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# वृक्षारोपण में नौनिहालों से आगे आने का आह्वान

## स्कूलों में हजारों पौधे लगाकर बनाया रिकॉर्ड

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत परिषदीय स्कूलों में भी पौधारोपण किया गया। परिषदीय स्कूलों में इको क्लब की टीम भी सक्रिय रही। विकास क्षेत्र मोहम्मदपुर देवमल के परिषदीय स्कूलों में हजारों पौधे लगाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने सभी शिक्षकों को वृक्षारोपण में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए थे।

विकास क्षेत्र मोहम्मदपुर देवमल के परिषदीय स्कूलों में वृद्ध वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक के सभी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, आंगनबाड़ी, रसोईया सक्रिय रहे। स्कूलों में इको क्लब की टीम भी सक्रिय रही। प्राथमिक विद्यालय चांदपुर फेरू में प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार, शिक्षिका डॉ. गीता, श्रीमती मंजुला बनिक, श्रीमती सुषमा रानी, ममता जोशी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अलका रानी, श्रीमती गंगोत्री तथा एक क्लब के सदस्य ने मिलकर वृक्षारोपण किया। प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर में अनीता रानी, श्रीमती धर्मावती, मनोरमा रानी, रश्मि, रुचि चौधरी, मणिकांत सिंह ने अधिनियम वृक्षारोपण किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर मुबारक में पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, श्रीमती तूलिका चौधरी, श्रीमती अमिताभ वर्मा सहित एक क्लब के सदस्य ने विद्यालय में वृक्षारोपण किया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय धर्मनगर में इंचार्ज अध्यापक



निवेशपाल वर्मा, मोहम्मद तारिक, अलीम, श्रीमती प्रवेशिका देवी, डॉ. प्रतीक्षा रानी, श्रीमती रितु गर्ग सहित तमाम छात्राओं ने वृक्षारोपण में हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान तथा जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी ने बताया कि जिले के तमाम परिषदीय विद्यालय में शिक्षकों को क्लब के सदस्य तथा बच्चों ने वृक्षारोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय गंजालपुर में प्राथमिक शिक्षा संघ के ब्लॉक मंत्री धर्म सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि विकास के सभी विद्यालय में वृक्षारोपण कराया गया है तथा शिक्षकों ने जिओ टैकिंग किया।

# कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में 12 वर्ष बाद दिखाई दी उड़ने वाली गिलहरी

## अधिकारियों-कर्मचारियों में उत्साह, अभिलेखों में दर्ज किया जायेगा गिलहरी का मिलना

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र में करीब 12 वर्ष बाद दुर्लभ इंडियन जायंट फ्लाइंग स्क्रिरल (उड़ने वाली गिलहरी) दिखाई दी है। कोसी रेंज के टेढ़ा ग्राम में एक ग्रामीण के घर में पहुंची इस दुर्लभ प्रजाति का वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। वन अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2014 के बाद क्षेत्र में इस प्रजाति की यह पहली रिकॉर्डिंग है जिसे जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कोसी रेंज अंतर्गत टेढ़ा ग्राम में एक बड़े आकार की गिलहरी एक ग्रामीण के घर पहुंच गई। सामान्य गिलहरी से अलग दिखाई देने वाले इस वन्यजीव को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक दुर्लभ गिलहरी को सुरक्षित पकड़ लिया।

वनकर्मी आशीष कश्यप एवं सलमान अंसारी ने बताया कि यह इंडियन जायंट फ्लाइंग स्क्रिरल है जिसे मलाबार जायंट फ्लाइंग स्क्रिरल के नाम से भी जाना जाता है। उत्तराखंड में इसके दर्शन मुख्य रूप से रानीखेत, लैंसडाउन, पिथौरागढ़, चकराता और मसूरी के घने वनों में होते हैं। कॉर्बेट की शिवालिक तलहटी में इसका दोबारा मिलना अत्यंत दुर्लभ और उत्साहजनक घटना है। उन्होंने बताया कि



दुर्लभ इंडियन जायंट फ्लाइंग स्क्रिरल ( उड़ने वाली गिलहरी ) का रेस्क्यू करते वनकर्मी।

यह गिलहरी पक्षियों की तरह उड़ती नहीं, बल्कि आगे और पीछे के पैरों के बीच मौजूद पेटागियम नामक त्वचा की

### जैव विविधता का प्रमाण

**उपप्रभागीय वनाधिकारी अंकित बडोला ने बताया कि इस दुर्लभ गिलहरी की पुनः मौजूदगी कॉर्बेट के जंगलों की समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह घटना वन विभाग के संरक्षण प्रयासों की सफलता को भी दर्शाती है और भविष्य में ऐसे दुर्लभ वन्यजीवों के संरक्षण के लिए प्रेरणादायक साबित होगी।**

झिल्ली की सहायता से एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक लगभग 80 से 100 मीटर तक हवा में ग्लाइड करती है। यह पूरी तरह रात्रिचर प्रजाति है और दिन के समय बहुत कम दिखाई देती है। वन विभाग के अनुसार कॉर्बेट क्षेत्र में इस प्रजाति की अंतिम रिकॉर्डिंग वर्ष 2014 में ढिकुली-गार्जिया वन क्षेत्र में हुई थी। लगभग 12 वर्ष बाद इसकी पुनः मौजूदगी दर्ज होना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र का वन पारिस्थितिकी तंत्र अब भी दुर्लभ वन्यजीवों के लिए अनुकूल बना हुआ है। रेस्क्यू के बाद गिलहरी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। उसे शीघ्र ही उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। इस रिकॉर्ड को विभागीय अभिलेखों में भी दर्ज किया जाएगा।

# पीजीटी भर्ती परीक्षा में12वीं व 25वीं रैंक प्राप्त की

**चांदपुर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश पीजीटी ( रसायन विज्ञान ) भर्ती परीक्षा में नगर निवासी शिक्षक शिवम कुमार भटनागर ने 12वीं रैंक व**





**ग्राम गाजीपुर कुतुब निवासी नीरज कुमार ने 25वीं रैंक प्राप्त की। इस उपलब्धि पर शिक्षकों ने शिवम कुमार भटनागर व नीरज कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।**

# नुमाइश ग्राउंड के पास पराग डेयरी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नुमाइश ग्राउंड के पास स्थित पराग डेयरी में आज अचानक आग लगने से तफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास के क्षेत्र में आग फैलने से रोक लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें और धुआं काफी दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना में पराग डेयरी को काफी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि नुकसान का वास्तविक आकलन संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं तथा आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जा रही है।

# स्प्रिंग फील्ड में रोपे, कई प्रजाति के पौधे

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव (मंडावली) में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये गये। शनिवार को एकेडमी के एमडी कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा के दिशा-निर्देशन में टीचर्स तथा विद्यार्थियों ने यूकेलिप्टस, जामुन, अमरूद, आम, हरसिंगार, अपराजिता, बोगन बेलिया, अशोक, मोरिंगा और विभिन्न प्रकार के फूलों वाले पौधे रोपित किये। इस अवसर पर एमडी कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने कहा कि वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वृक्षों से ही हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस की प्राप्ति होती है। प्रकृति का संतुलन बनाये रखने में पेड़ बड़े सहायक हैं। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों का आहवान किया कि पौधे लगायें ही नहीं, इनका संरक्षण और पालन-पोषण भी करें।



पौधारोपण के लिये जाते बच्चे और प्रधानाचार्या।

# कुछ राहत दे गई थी बरसात फिर पसीना-पसीना हुआ गात

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भारी बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन अभी सामान्य हुआ भी नहीं है कि उमसभरी गर्मी ने फिर से लोगों को पसीना-पसीना करना शुरू कर दिया है। बीते कई वर्षों में ऐसा पहली बार देखा गया है कि एक ही रात की जोरदार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त करके रख दिया हो। ज्ञातव्य है कि बुधवार-बृहस्पतिवार की रात्रि में ही बदरा झूमकर बरसे थे। बृहस्पतिवार को दिन में तथा बृहस्पतिवार-शुक्रवार की रात्रि में हल्की बारिश ही हुई थी, जबकि शुक्रवार को दिन में तो केवल बूंदाबांदी ही हुई थी, लेकिन एक रात की बारिश ने ही तमाम तालाब, ताल-तलैया उबाल दिये हैं। कुछ तालाब ओवरफ्लो होने भी शुरू हो गये थे। कई सड़कों पर भारी जलभराव होने से यातायात बंद हो गया था। कई बस्तियों में जलभराव हो गया था। नांगल सोती के मुहल्ला जोशियान के एक हिस्से में भी तालाब जैसी स्थिति बन गई थी, वहां अभी भी पानी भरा हुआ है। भारी बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन अभी सामान्य हुआ भी नहीं है कि उमसभरी गर्मी से लोग फिर से पसीना-पसीना होने शुरू हो गये हैं। बारिश के दौरान तो थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन तब भी पंखे बंद करने जैसा मौसम नहीं हुआ था। बीती रात्रि भी हल्की बारिश हुई है, मगर गर्मी शांत होने के बजाये और ज्यादा भड़क रही है। आज सुबह से गर्मी ने लोगों को पसीने से लथपथ कर रखा है।

# 16 को धरना-प्रदर्शन करेंगे विकलांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में कैम्प कार्यालय बुढ़नपुर पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मास्टर अफजाल व संचालन शाहे आलम ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि लगातार अधिकारियों के तानाशाही पूर्ण रवैया के खिलाफ डीएम कार्यालय का घेराव कर वहीं पर धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल किया जाएगा। एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सुनवाई नहीं होती है तो 16 जुलाई को डीएम कार्यालय कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा और वहीं पर धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर के अधिकारीगण अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाएं। दिव्यांगों को जो



हीन भावना से देखते हैं, इग्नोर करते हैं, वह बंद करें। दिव्यांगों का शोषण बंद करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने सभी दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, महिला, युवा गरीब वर्गों से अपील की है कि 16 जुलाई को सुबह 9 बजे विकास भवन बिजनौर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाएं। बैठक में मास्टर हिरदेश कुमार, दीपक कुमार, जैकी सैनी, मोहम्मद आजम, मोहम्मद इकराम ठेकेदार, बाबू, मास्टर अफजाल अहमद, नसीम, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकुल कुमार, सुशील कुमार, शाहे आलम, जीवन अग्रवाल, तिलकराम, विजय कुमार, लाल सिंह, नौशाद, सद्दाम गुरबचन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बापू ग्राम वन भूमि प्रकरण विधानसभा में उठाया क्षेत्रीय पार्षदों ने डा. प्रेमचन्द का आभार जताया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बापू ग्राम वन भूमि प्रकरण को लेकर विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल के कैंप कार्यालय में क्षेत्रीय पार्षदों, कार्यकर्ताओं स्थानीय जनता द्वारा आभार व्यक्त किया कैबिनेट द्वारा इस जटिल विषय के समाधान के लिए मुख्य सचिव को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही इसकी एक समिति बने जो शीघ्र प्रस्ताव तैयार करें ताकि इस विषय का समाधान निकाला जा सके। पार्षद वीरेंद्र रमोला ने कहा कि डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल प्रारंभ से ही बापू ग्राम वन भूमि प्रकरण के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने विभिन्न मंचों पर इस विषय को प्रमुखता से उठाया और जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया।पार्षद हर्षवर्धन रावत पिंटू ने कहा कि डॉ. अग्रवाल ने इस मुद्दे को विधानसभा में प्रभावी ढंग से उठाया। पार्षद राजेश कोठियाल ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय जनता की पीड़ा को समझा और इस मुद्दे को लगातार मजबूती से उठाते रहे, जिससे आज समाधान की दिशा में ठोस पहल संभव हो सकी है विधायक डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने इस प्रकरण में किए गए कार्यों का सिलसिले बार बताया। डा. अग्रवाल ने कहा कि इस क्षेत्र को नगर निगम में मिलना हो या वर्तमान की समस्या हो इसके लिए वह हमेशा प्रयत्नशील हैं। विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक समस्या का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य गोविंद सिंह रावत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंकी धस्माना, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, सुमन रावत, पूनम डोभाल, मुन्नी राजपूत, अभिनव पाल, अमनदीप नेगी आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री पुनीता भंडारी द्वारा किया गया।

# 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र छात्राओं को किया जायेगा सम्मानित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** युवा फाउंडेशन द्वारा 'मेधावी सम्मान संगम फेस 2' का आयोजन आज ब्रह्मलीन महंत अशोक प्रपन्न शर्मा सभागार, श्री भरत मंदिर पब्लिक स्कूल, झंडा चौक, ऋषिकेश में किया जाएगा।फाउंडेशन के कार्यक्रम संयोजक जयेन्द्र रमोला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना तथा समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। कार्यक्रम में सीबीएसई बारहवीं एवं आईसीएसई के हाईस्कूल के 90 प्रतिशत से अधिक व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों सहित सम्मानित किया जाएगा। रमोला ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा पूर्व में सीबीएसई हाईस्कूल और उत्तराखण्ड बोर्ड के बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया था और उसी कार्यक्रम के तहत दूसरे सीज़न में यह कार्यक्रम को आयोजित किया गया है इस तरह के कार्यक्रम से प्रतिभाओं का हौसला बढ़ता है और अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है हमारा इस कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य है कि हम होनहार बच्चों का मनोबल बढ़ाए और उनको देखकर अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिले ताकि वो भी अपनी पढ़ाई और कैरियर पर ध्यान दें ।

# वृक्षारोपण महायज्ञ के दौरान विद्यालय में लगायेंगे 100 पौधे

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में भी पौधे रोपित किये गये।



विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य राजीव चौहान के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ पौधारोपण की शुरुआत की गई। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार हैं। वृक्ष मानव जीवन के लिये अनिवार्य हैं। उन्होने कहा कि विद्यालय परिवार ने 100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी से एक पौधा जरूर लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील की। संजय कुमार सिंह, राजपाल सिंह, अमित शर्मा, कुलदीप कुमार, नरेन्द्र गोस्वामी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर लगाया 104 ने परीक्षण कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बिंद्रा देवी केशवानंद कुकरेती धर्मार्थ जनकल्याण समिति द्वारा हिमालयन हॉस्पिटल जॉली ग्रांट के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 104 लोगों के स्वास्थ्य की जांचकर दवाई भी वितरित की गई। नजीबाबाद रोड स्थित ठेकेदार संघ धर्मशाला में आयोजित शिविर में हिमालय हॉस्पिटल जॉली ग्रांट के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई , और उन्हें दवाई भी वितरित की गई। शिविर में हृदयरोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न विभागों के डाक्टर मौजूद रहे। हृदयरोग के डा. वत्सल सिंह, आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. मल्लिका, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपल, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल रावत ,हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ. दिग्विजय, मेडिसिन सीनियर डाक्टर सुधांशु चावला, ईसीजी टेक्निशियन हेमंत बड़थ्वाल,नर्सिंग इंचार्ज अरुण शर्मा, हिमालयन इंस्ट्यूट के पीआरओ सतपाल सिंह,फार्मासिस्ट एम अली ने शिविर में सेवा दी। इस स्वास्थ्य शिविर को व्यवस्थित रूप में संचालित किया प्रशासनिक अधिकारी हिमालयन इंस्टीट्यूट चन्द्र प्रकाश नैथानी के द्वारा। समिति के सदस्य गोपाल कुकरेती ने बताया कि अगला स्वास्थ्य शिविर 25जुलाई को धर्मशाला ठेकेदार संघ में लगेगा।

# मालन में डूबे अलीम की तलाश अब भी जारी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मालन नदी में डूबे दो किशोरों में से एक का अभी भी पता नहीं चला। तीसरे दिन भी रेस्क्यू टीम द्वारा तलाश जारी है। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को स्थानीय मोहल्ला राधगान के तीन बालक मालन नदी में नहाने गए थे। नहाने के लिए तीनों पुल से कूदे थे, जिसमें सादिम तो तैर कर किसी तरह बाहर आ गया था मगर उसके दोनों साथी शाबान और अलीम तेज धार में बह गए थे। रेस्क्यू टीम ने ऑपरेशन के दौरान कल दोपहर मालन नदी के पुल के करीब 600 मी. दूर से शाबान का शव बरामद कर लिया था। अलीम की तलाश में आज सुबह फिर विधायक मनोज पारस व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। समाचार लिखे जाने तक अलीम की तलाश जारी थी। आलीम के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।



रेसक्यू आप्रेशन फिर से शुरू कराते विधायक मनोज पारस व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान।

# नगर पालिका की ओर से पौधारोपण किया गया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगरपालिका परिषद चांदपुर की ओर से वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया तथा लगाये गये पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने पालिका सदस्यों व कर्मचारियों को साथ लेकर वृक्षारोपण किया। श्री पठान ने कहा कि पेड़-पौधे मनुष्य जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल अपने परिवार की भांति किये जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभासद अब्दुल वहीद सैफी, नगरपालिका कर्मी सलीमुद्दीन, फैसल हुसैन,नूर आलम,मौ दानिश आदि भी मौजूद रहे।




# दमयंती देवी नर्सिंग होम में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंसकारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 221वां निशुल्क चिकित्सा शिविर संस्थान के प्रधान कार्यालय दमयंती देवी नर्सिंग होम में आयोजित किया गया। शिविर में 60मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई। शनिवार की शाम को शिविर का शुभारंभ अनूप अग्रवाल ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ आदित्य अग्रवाल सर्जन ने 60 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी निःशुल्क वितरण की गईं। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं। शिविर में पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने मे गौरव सिंह, साहिल, अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान सराहनीय रहा।



# बिजली चोरी करते पकड़े गये चार टीम ने राजस्व वसूली की 27 हजार

बिजनौर। एसडीओ हलदौर अभय सिंह के निर्देशन में शनिवार को विद्युत विभाग की टीम ने क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कल्याण फरीदपुर,पुट्ठा व अमहेड़ा में विद्युत चोरी की शिकायतों पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ग्राम पुट्ठा मे चार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत चोरी के मामले में कार्रवाई की गई, जबकि बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत करीब 27 हजार की वसूली की गई।



विद्युत चेकिंग के दौरान पुट्ठा मे अब्दुल गफ्फार और भूरे खान के यहां बिना विद्युत मीटर के बिजली का उपयोग पाया गया। विभागीय टीम ने दोनों के कनेक्शन विच्छेदित कर दिए है ।वहीं शरीफ पुत्र नूर बख्श एवं अशरफ को भी मीटर की केबल काटकर अवैध रूप से विद्युत उपयोग करते हुए पकड़ा गया। दोनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत विद्युत चोरी रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।इसके अतिरिक्त एक उपभोक्ता एक ही मीटर से तीन अलग-अलग घरों में बिजली की आपूर्ति करता मिला। जिसके विरुद्ध विभाग ने नियमानुसार राजस्व निर्धारण की कार्रवाई की है ।

विद्युत उपकेंद्र सिसोना पर तैनात अवर अभियंता (जेई) भानु प्रताप यादव का कहना है कि क्षेत्र में विद्युत चोरी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो उपभोक्ता मीटर हटाकर, मीटर की केबल काटकर अथवा बिना मीटर के बिजली का उपयोग करेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने विद्युत मीटर लगवाकर नियमानुसार बिजली का उपयोग करें, ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। विद्युत चेकिंग अभियान टीम मे अवर अभियंता भानु प्रताप यादव,

## नगर पालिका की ओर से किया गया पौधारोपण



**धामपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा आज रविवार को वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ के अंतर्गत नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ शिवाजी पार्क/ वेस्ट टू वंडर पार्क में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल नगर पालिका सभासद में स्टाफ मौजूद रहा।

## छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाकर जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेविकाओं ने शनिवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से युवाओं की आशाओं व आकांक्षाओं को साकार करना तथा आज व भविष्य के लिए विषय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों व समाधान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक व संदेशपरक पोस्टर बनाकर जनसंख्या नियंत्रण, संसाधनों के संतुलित उपयोग तथा सतत विकास के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. केसी मठपाल एवं प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण के प्रति सजग रहने व अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. नेहा गौड़, ज्योतिपाल, डॉ. रत्ना गर्ग, डॉ. अंकुर अग्रवाल, तबस्सुम सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।

## कन्या इंटर कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**धामपुर (चिंगारी)।** कन्या इंटर कॉलेज में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में जामुन, नीम, अमरूद, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का अमूल्य धन हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। पौधरोपण अभियान में छात्राओं रहनुमा, लक्ष्मी, अफसाना, जैनम एवं शहजामा आदि ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षक नीरज, नीना, सुषमा कुमारी, मीनाक्षी राजपूत, जॉली प्रभुता एवं रीना यादव ने सक्रिय सहभागिता की।



## आरएमके भारत ग्रुप के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया

**धामपुर (चिंगारी)।** आरएमके भारत ग्रुप के कार्यालय का शुभारंभ समाजसेवी दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, महेंद्र सलूजा मनोज कात्यायन, सचिन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरु शरण सिंह मोहन जितेंद्र गोयल को शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्राम जैतरा स्थित आरएमके भारत ग्रुप के संपादक एवं कोरियोग्राफर रोमियो मयूर के संयोजन में आयोजित समारोह में डॉ. आदित्य अग्रवाल कांता प्रसाद पुष्पक सुगम जैन एसपी सलूजा, संगठन मंत्री सरदार मंजीत सिंह सलूजा साधक ,रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के सचिव रोटेरियन सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, हरिकांत शर्मा ,नवचेतन शर्मा, सुमित शर्मा, राहुल शर्मा, सतीश कुमार, मोहम्मद शाकिर अंसारी, कपिल तुली, अभिषेक गुप्ता,भूपेंद्र शर्मा सोनू, अनिल कुमार शर्मा इंजीनियर मुनीश उपाध्याय अशोक कुमार राकेश कुमार डॉक्टर हिमांशु विश्वास मास्टर जुबेर अहमद अंसारी खुर्शीद मंसूरी अदनान उम्मती डॉक्टर एजे चंदन शिवली खान आदि शामिल रहे। इस अवसर पर दीपेंद्र सिंह चौहान व भूपेंद्र सिंह चौहान, आयुष कुमार ने पत्रकारों का आवाहन किया कि वह पूरी निष्पक्षता कर्मठता एवं लगन शीलता के साथ आम जनता से संबंधित परेशानियों और कठिनाइयों को अपने समाचार पत्रों के माध्यम से शासन और प्रशासन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें ।



# महमसापुर में गुलदार ने बछड़े को बनाया निवाला

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम महमसापुर में एक पशुशाला में घुसकर गुलदार ने दो साल के बछड़े को मार डाला और उसके शरीर का अधिकांश हिस्सा खा लिया। ग्राम महमसापुर में ब्रह्मानंद शर्मा की पशुशाला खुली हुई है। पीछे स्थित खेत की तरफ भी दीवार नहीं है। विगत रात्रि किसी समय गुलदार पशुशाला में घुसा तथा उनके दो वर्षीय बछड़े को मारकर अपना निवाला बना लिया। आज सुबह सवेवेर ब्रह्मानंद शर्मा सोकर उठे, तो उन्हें घटना का पता लगा। वे बछड़े को नहर के समीप गड्ढा खोदकर दबा आये। सूचना पर सामाजिक वानिकी के दरोगा विकास कुमार वहां पहुंचे तथा खेतों में गुलदार के पदचिन्हों की तलाश की। वन दरोगा ने बताया कि पशुशाला के पीछे स्थित खेत में बाजरा खड़ा है। पहले भी गुलदार वहीं से निकलकर दूसरी पशुशाला में घुसा था। पिंजरा लगाया गया था, मगर गुलदार उसमें फंसा नहीं है।



बाजरे के खेत में पदचिन्ह खोजते वन दरोगा व ग्रामीण।

## शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर ब्लड डोनेट कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में व्यापारी एकता परिषद का विशेष योगदान रहा। युवाओं ने उत्साह के साथ ब्लड डोनेट किया। कैम्प का उद्घाटन व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, मंडल अध्यक्ष काशिफ, जिलाध्यक्ष (अल्पसंख्यक) नईम अंसारी, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, वरिष्ठ सपा नेता डॉ. रमेश तोमर, जिला प्रवक्ता अख़लाक़ पप्पू, पूर्व सभासद वसीक अहमद, अज़हर बुखारी व पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। कैम्प में आवेस खान, अज़हर बुखारी, राजू फहीम, आज़ाद, मौ. जैद, अज़ीम अंसारी, नईम अंसारी, मानव भारद्वाज, मोनिस अदनान, शहाबुद्दीन, तारिक, सलीम अब्बासी आदि दर्जनों लोगों ने ब्लड डोनेट किया। हिन्द ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान से पहले सभी का बारिकी से परीक्षण किया। कैम्प में अनस राईन, उजैर अंसारी, नमन प्रधान आदि का विशेष योगदान रहा।



# पीएम आवास योजना के तहत कैसे बन पायेगा मकान चयनित परिवार को दूसरी किस्त का नहीं हुआ भुगतान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत भाबर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत चयनित कई जरूरतमंद परिवार पिछले 17 माह से दूसरी किस्त का इंतजार कर रहे हैं। पहली किस्त मिलने के बावजूद अधूरे मकानों और कच्ची झोपड़ियों में रहने को मजबूर इन परिवारों की मुश्किलें बरसात शुरू होने से अब बढ़ गई हैं। वार्ड संख्या-37 झंडीचौड़ पश्चिमी के पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि इन परिवारों का चयन वर्ष 2023-24 में हुआ था। मार्च, 2025 में नींव निर्माण के लिए 20 हजार रुपये की पहली किस्त जारी की गई थी। लाभार्थियों ने करीब 40 हजार रुपये उधार लेकर निर्माण कार्य आगे बढ़ाया लेकिन दूसरी किस्त अब तक नहीं मिली है। कई मामलों में बिल




और भुगतान की प्रक्रिया भी लंबित है। नगर निगम में लाभार्थियों को बजट मिलने का इंतजार करने को कहा जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद ने बताया कि अप्रैल में हुई नगर निगम बोर्ड बैठक में भी यह मुद्दा उठाया था। कई दौर की वार्ता के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। मई में आए आंधी-तूफान से कई लाभार्थियों की झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इसकी सूचना नगर निगम को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में तहसील प्रशासन और एसडीएम ने प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता दी। पार्षद ने शहरी विकास निदेशालय, देहरादून के निदेशक को ई-मेल भेजकर बरसात को देखते हुए लाभार्थियों के खातों में दो किस्तें एक साथ जारी करने की मांग की है।

# विधवा महिला के मकान की गिरी छत महिला बाल-बाल बची, सामान क्षतिग्रस्त

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव की दलित बस्ती में शनिवार की रात बारिश के चलते एक विधवा महिला के मकान की छत गिर गई। हादसे के वक्त महिला मकान में रखा सामान उठाने गई थी जिसमें वह बाल-बाल बची घटना मे घर का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। कमलेश देवी पत्नी स्व वीर सिंह ने बताया कि उनका मकान काफी समय से जर्जर हालत में था। लगातार हो रही बारिश से छत टपकने से धीरे-धीरे मकान की दीवारें और छत की मिट्टी खिसकने लगी। जैसे ही वह मकान के अंदर रखा सामान उठाने गई, तो मकान की छत अचानक भर भरा कर नीचे आ गिरी, जिसमें वह बाल-बाल बची। पीड़िता के अनुसार वह जयवीर और विकास दो पुत्रों के साथ रहती है दोनों पुत्र अविवाहित है और बाहर रहकर मेहनत मजदूरी कर रहे हैं, जबकि बड़ा पुत्र सतपाल अपने बीवी बच्चों के साथ अलग रहता है। इनके पति की मौत को लगभग एक वर्ष बीत चुका है तभी से वह



सरकारी मकान की आस लगाए बैठे हैं। इस दौरान फोटो तो कई बार खींचे गए, लेकिन मकान आज तक नहीं बना। घटना के बाद विधवा महिला ने शासन प्रशासन से मकान के पुनर्निर्माण के लिए सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर पर नौ प्रतिशत ब्याज देने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रोन्नत पर्यवेक्षक संयोजक मंडल की पौड़ी जिला इकाई की बैठक व्यापार मंडल सभागार में महामंत्री गणेशी नेगी की अध्यक्षता और सचिव राजेंद्र सिंह रावत के संचालन में हुई। बैठक में पुनरीक्षित वेतनमान के एरियर पर नौ प्रतिशत ब्याज का भुगतान नहीं किए जाने पर सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए कुमाऊं मंडल की तर्ज पर सभी पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समान लाभ देने की मांग की गई। वक्ताओं ने बताया कि कुमाऊं मंडल के 15 कर्मचारियों को न्यायालय के आदेश पर एरियर सहित नौ प्रतिशत ब्याज मिला था। अन्य कर्मचारियों की याचिका पर हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया, लेकिन सरकार की डबल बेंच में अपील के बाद निर्णय निरस्त हो गया। मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा, जहां याचिका खारिज करते हुए पुनर्विचार का निर्देश दिया गया। कर्मचारियों ने सरकार से बिना भेदभाव सभी पात्र सेवानिवृत्त कर्मियों को एरियर पर नौ प्रतिशत ब्याज देने की मांग की। बैठक में गोदांबरी नैनवाल, सुमित्रा राणा, सरोज जखमोला, सुशीला पांडे, माया कुंवर, शकुंतला रावत, सरोजनी रावत, जयंती रावत, कुसुमलता, मुन्नी रावत, विमला ध्यानी, लक्ष्मी, रामेश्वरी बिष्ट, प्रेम सिंह नेगी और नंदा उनियाल मौजूद थे।

# चोरी गई भैंसों का अभी तक नहीं चला पता

**धामपुर ( चिंगारी )।** कालागढ़ मार्ग पर मोहल्ला नई सराय में नेशनल पैथोलॉजी लैब के सामने स्थित दूध की डेयरी से अज्ञात बदमाश द्वारा दो भैंसे चोरी होने की घटना का पुलिस 6 दिन बाद भी खुलासा नहीं कर पाई है। उल्लेखनीय है कि रात्रि में पिकअप वाहन से पहुंचे चोर डेयरी के चैनल का ताला काटकर दो भैंस को वाहन में लादकर फरार हो गए थे। डेयरी संचालक जहागीर कुरैशी ने घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करा दी थी। इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जिनमें चोरी से जुड़े अहम सुराग हाथ लगे थे। पुलिस ने उस समय 24 घंटे के भीतर भैंस चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया था। परंतु 6 दिन बाद भी चोर पुलिस की पकड़ से बाहर है। पीड़ित जहांगीर कुरैशी ने कहा कि उसका लगभग ढाई लाख रुपए का नुकसान हो गया है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# क्षेत्रीय कर्मचारियों की लम्बित समस्याएं हल करने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जनपद शाखा बिजनौर के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार एवं जिला मंत्री डॉ. राम प्रसाद के संयुक्त नेतृत्व में उप कृषि निदेशक बिजनौर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्रीय कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। वार्ता के दौरान उप कृषि निदेशक ने बताया कि रबी किसान पाठशाला, फार्मर रजिस्ट्री प्रोत्साहन भुगतान, विकसित कृषि संकल्प अभियान तथा आत्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण बस व्यय सहित अन्य लंबित मदों का बजट शीघ्र प्राप्त होने की संभावना है। बजट मिलते ही सभी लंबित भुगतान प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय कर्मचारियों की एसीपी जुलाई माह में ही स्वीकृत कर आवश्यक आदेश जारी किए जाएंगे। बैठक में संगठन मंत्री रितेश कुमार, कोषाध्यक्ष आदित्य वीर, सुजीत कुमार विश्वास, डॉ. जितेंद्र कुमार जावला तथा अमोल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 80 वर्ष की आयु पूरी करने वाले गवर्नमेंट पेंशनर्स को आर्गेनाइजेशन करेगा सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की एक बैठक पूर्व सैनिक कार्यालय में अध्यक्ष जयवीर सिंह रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सचिव सीपी नैथानी ने पिछली बैठक की कार्रवाई और 9 जून को रुड़की में हुए प्रदेश कार्यकारिणी चुनाव की जानकारी दी। इस दौरान संस्थापक सदस्यों व अशक्त पेंशनर्स से नियमित संपर्क तथा 80 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सदस्यों को सम्मानित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में गोल्डन कार्ड योजना में सुधार, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति तथा हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर पांच-पांच प्रतिशत पेंशन बढ़ोतरी की मांग उठाई गई। साथ ही पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त एसडीएम स्व. पुष्कर सिंह गुसाईं तथा आईएएस अधिकारी स्व. चंद्र सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में वीरेंद्र सिंह रावत, आरपी पंत, चित्रमणि देवलियाल, भारत भूषण रावत, हरीश कुंडलिया, सुनील नवानी, जेपी ध्यानी, केसीराम निराला, इंद्रमणि देवरानी, पूर्णानंद गोस्वामी, शिव सिंह, बिजेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र नेगी, बृजमोहन ममगाईं, अशोक थपलियाल, विनायक जोशी और वीरेंद्र सजवाण सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# हाथियों का झुंड ग्रास्टनगंज में आकर तोड़-फोड़ कर रहा घरों के अंदर घुसकर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रास्टनगंज क्षेत्र में हाथियों के लगातार आबादी में घुसने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी ने प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन वन प्रभाग को ज्ञापन भेजकर हाथियों और अन्य जंगली जानवरों से लोगों की सुरक्षा की मांग की है। कहा कि सिद्धबली मंदिर से ग्राम सनेह तक का क्षेत्र हाथी कोरिडोर में आता है, जिसके कारण वार्ड नंबर-1 ग्रास्टनगंज सहित आसपास के इलाकों में लंबे समय से हाथियों का खतरा बना हुआ है। बीते कुछ दिनों से 30 से 35 हाथियों का झुंड लगातार आबादी में प्रवेश कर रहा है। हाथियों ने ज्योति रावत के घर का मुख्य द्वार तोड़कर भीतर घुसते हुए तोड़फोड़ की। परिवार ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे में है। यूकेडी का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार वन विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक


फाइल फोटो

प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्र में नियमित गश्त कर हाथियों को आबादी से दूर रखने की मांग की है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मंदबुद्धि महिला की डंपर की चपेट में आकर दर्दनाक मौत



**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** आज तड़के क़रीब 4 बजे डंपर की चपेट में आकर एक अज्ञात मंदबुद्धि महिला ( 40 वर्ष ) की मौत हो गई। चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। नगीना देहात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आज तड़के करीब 4 बजे कल्याणमल देवता पर प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। रायपुर- कोटकादर मार्ग काफी व्यस्त चल था। बताया जाता है कि ग्राम कोटकादर की ओर से आये डंपर ने अज्ञात मंदबुद्धि महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक डपर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बताया जाता है कि महिला दिमागी रूप से अपसेट थी, वह आसपास के ग्रामों में घूमती रहती थी। सूचना मिलते ही नगीना देहात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह ने कहा कि वाहन चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वियतनाम में नौका डूबने से 15 भारतीय पर्यटकों की मौत

**हनोई ( एजेंसी/चिंगारी )।** वियतनाम में भारतीय पर्यटकों से भरी एक नौका के शनिवार को समुद्र में पलट जाने से 15 भारतीयों की मौत हो गयी, जबकि 17 भारतीयों और चालक दल के चार वियतनामी सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार ओशन पर्ल आइलैंड कंपनी की एक चलने वाली मोटर नौका स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे मशीन में आयी खराबी के कारण पलट गयी, जिससे उसमें सफर कर रहे लोग पानी में गिर पड़े। यह स्पीडबोट पर्यटकों को लेकर होन-मे-रुत द्वीप से अन-थोई-पोर्ट की तरफ वापस लौट रही थी।

# मुर्गी फार्म के विवाद में पुलिस को दी गई तहरीर, जांच शुरू

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** थाना नांगल सोती क्षेत्र के दहीरपुर निवासी नसीम ने मंडावली थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका नारायणपुर में मुर्गी फार्म है जो कि भागूवाला निवासी मुस्तकीम अहमद को एक साल के लिए किराए पर दिया था। समय पूरा होने के बाद उसके लड़कों ने मुर्गी फार्म पर जाकर मुस्तकीम के लड़कों से मालूम किया कि मुर्गी फार्म कब तक खाली करोगे जिस पर मुस्तकीम के लड़कों के द्वारा उसके लड़कों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई, जिससे दोनों बेटे घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। नसीम ने मंडावली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर मुस्तकीम अहमद का कहना है कि उसके लड़कों के द्वारा कोई मारपीट नहीं की गयी है। उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार का कहना है कि नसीम की ओर से तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

## सूचना

पहले मेरा नाम ( SHAKIL ) था। अब मैने अपना नाम बदलकर ( MOHD SHAKEEL ) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम ( MOHD SHAKEEL ) से जाना व पहचाना जाये।

MOHD SHAKEEL S/O SAKIRA R/O VILLAGE NAJIBPUR SADAT POST OFFICE DOODHLI POLICE STATION KIRATPUR TEHSIL NAJIBABAD, DISTRIC BIJNOR. UP

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर